THE VICE CHAIRMAN (SHRI SAWAISINGH SISODIA): Calling Attention.

## CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### Low Price of Paddy suggested by Agriculturtra Prices Commission Causing Hardship and Misery to Farmers

SHRI KALPNATH RAI (Uttar Pradesh): Sir, I beg ta call the attention of the Minister of Agriculture to the 1 )W price of paddy at Rs. 1001 - per quintal suggested by the Agricultural Prices Commission which is bound to cause great hardship and misery to the farmers who have already been hard hit due to the increase in prises of fertilizer and diesel and th< steps taken by Government to remedy the situation.

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND RURAL RECONSTRUCTION (RAO BIRENDRA SINGH): Sir, as the He nourable Members are aware Agricu tural Prices' Commission is a I ecosmmendatory body. While making recommendations on price policy it is expected to keep in view: —

(i) The need to provide incentive to the producer for adopting improved t-chnology and for developing : production pattern broadly in t ie light of national requirements;

(ii) The need to ensure rational utilisation *oi* land, water and other production resources;

(iii) The likely effect of the price policy on the rest of the economy, parti :ularly on the cost of living, level of wages, industrial cost structure, etc.

2. In May, 1980, the Commission had submitted its Report on price poUcy for kharif cereals for 1980-81 season. In this Report, the Commission had recoTimended that the prices of naddy anc other kharif cereals might be retaned at Rs. 95/- per | quintal. Sometime later in June, 1980, Government of India made an announcement about the increase in the prices of fertilizers and whila doing so, the A.P.C. was asked to rework its price recommendations. This was necessary because at the time of announcing increase in the prices of fertilizer and diesel oil Government had decided that the farmers would be compensated for increases in their cost. It was envisaged by Government that appropriate increases in procurement/support prices mav be affected from the kharif 1980-81 season itself. Accordingly, the Agricultural prices Commission submitted a supplementary report on price policy for kharif cereals for 1980-81. After taking into account the likely effect of the rise in the prices of fertilizer and diesel and the quantities and values of diesel and fertilizers used by cultivators on different kharif crops, the Commission recommended a procurement price °f Rs. 100/- per quintal for paddy and Rs.97.50 for the coarse kharif cereals viz. jowar, bajra, maize and ragi. In order to hold consultations with the State Governments on the price policy for kharif cereals a Conference of State Chief Ministers was convened by us on 27th July, 1980 in New Delhi. Government would fix the prices of kharif cereals after duly considering the views on the subject expressed by the State Governments. Thus the procurement prices for paddy and coarse cereals for 1980-81 are still to be fixed.

3. Honourable Members have stated that the farmers of India are facing hardship due to increase i» the prices of fertilizer and diesel. I share the Members' concern. The increase in fertilizer prices has been made undercompelling circumstances. It is necessary to note that the entire potassic fertilizer used in this country is imported. In January, 1979, the international price of this fertilizer was 63 dollars per tonne and by June, 1980 it had risen to nearly 120 dollars per tonne. In the same

[Rao Birendra Singh]

way, international price of DAP has risen from 160 dollars per tonne in January, 1979 tO 260 dollars in December, 1979. The ocean freights have also nearly doubled in the last two years. Not only this the prices of imported raw materials like sulphur, phospheric acid and roac phosphate have also witnessed a steep escalation. These developments have forced the Government to decide for a rise in fertilizer prices. However, I wish to clarify that despite these price increases the Central Exchequer would still be bearing a sizeable financial burden on account of fertilizers. In fact, the total burden which the Central Exchequer would bear in 1980-81 would be Rs. 585 crores on account of fertilizers as against Rs. 562 crores which was the expenditure on fertilizer subsidy in 1979-80. This is because even after ttie price rise of June, 1980, the imported Urea would carry a Government subsidy of more than Rs. 700 per tonne and the imported MOP would carry subsidy of Rs. 550 per tonne.

4. We have also taken a major decision under which both the imported fertilizers and domestically produced fertilizers will be supplied to farmers at fixed prices at all block headquarters even where they are not connected by any rail head nearby. This measure would ensure availability of fertilizers to the interior villages. The provision of subsidy to all small and marginal cultivators in the areas affected by drought during the previous year would also be continued in the current year. In this way, Government is trying to ensure that the hardship to cultivators arising from unavoidable increase in fertilizer price is minimised.

**श्री कल्पनाथ राय :** आदरणीय कृषि मंत्री जी ने जो बातें कही हैं, हम उससे भी सहमत हैं। लेकिन 12 मार्च, 1980 को कृषि मंत्री महोदय ने यह घोषणा की थी कि नान-एग्रीकल्चरल सैक्टर में जो गुडस हैं उनकी प्राइसेज के अनुकूल ही एग्रीकल्चरल गुडस की प्राइसेज डिटर्रामन होंगे और एग्रीकल्चरल प्राइसेज कमीशन को नये टर्म्स आफ रेफरेंस दिये गये माननीय मंत्री जी की तरफ से और कबिनेट ने इसको पास किया।

तो मेरा यह कहना है कि जिस समय 12 मार्च, 1980 को आपने यह घोषणा की और कबिनेट ने निर्णय किया, उस दिन से आज तक एग्रीकल्चरल कमोडिटीज के प्राइसेज का इंडैक्स कितना बढ़ा है और जो फैक्ट्रीज में मनुफैक्चर्ड गुड्स हैं, जिनका इस्तेमाल किसान करते हैं, उनका प्राइस कितना बढ़ा है? क्या एग्रीकल्चरल प्राइसेज कमीशन ने आपकी टर्म्स आफ रेफरेंस के अनुकूल खेत में पैदा होने वाली चीजों और कारखाने में पैदा होने वाली चीजों के प्राइसेज में पैरिटी स्थापित करने की कोशिश की है, या नहीं? यह मेरा पहला सवाल है।

दूसरे आज खेती करने वाले किसानों की हालत जितनी खराब है, उतनी मैं समझता हूं कि इसके पहले कभी नहीं थी। जितना भी सामान किसान आज बाजार से खरीदता है, चाहे सिमेंट खरीदता हो—दूसरी बात मैं आपसे पूछूंगा कि जब आपने यह घोषणा की कि नान-एग्रीकल्चरल सैक्टर की प्राइसेज के अनुकल ही एग्रीकल्चरल प्राइसेज डिटरमिन होंगीं तो क्या आपने कुछ सामान की लिस्ट बनाई कि फलां-फलां सामान दस, पंद्रह, बीस आर्टिकल्स जो कारखानों में बन रहे हैं, इनके दाम क्या हैं और जो एग्रीकल्चर में पैदा होते हैं, उनके दाम क्या हैं? सरकार की वज्ञानिक नीति के न होने के परिणामस्वरूप आज स्थिति बड़ी ही नाजुक हो गई है। आज से तीन साल पहले जब जनता सरकार, लोक दल की हुकूमत थी, उस समय छः रुपये गन्ने का दाम था, आज चीनी आठ रुपये किलो बिक रही है यानी, किसानों ने गन्ना पैदा किया और छः रुपये क्विंटल के हिसाब से जनता सरकार

के राज में गन्ना बिका और चीनी 8 रु० किलो के हिसाब से । जब किसान ने आलू पैदा किया तो 12 रु० क्विंटल के दाम से उसका आलू बिका और जब उसने कोल्ड स्टोरेज से आलू खरीदा तो 250 रु० क्विंटल के हिसाब से खरीदा । जब उसने प्याज पैदा किया तो 8 आने किलो० बेचा और बाजार में वह आलू 5 रु० किलो बिकने लगा । यह सरकार जब तक किसानों के खेत में पैदा होने वाली चीजों के दाम वैज्ञानिक ढंग से निर्धारित नहीं करेगी तब तक किसानों की हालत बद से बदतर होती जाएगी । आदरणीय कृषि मंत्री एक किसान हैं और उनसे ऊपर देश के किसानों को बड़ा भरोसा है और उपसभाध्यक्ष महोदय, आज ही जो चीफ मिनिस्टर्स कांफरेंस हुई है

It is reported: "All the States want paddy prices at Rs. 130 per quintal"

सारे मुख्य मंत्रियों ने यह कहा है कि किसी भी कीमत पर 130 रु०, 140रु० से कम दाम निर्धारित न हों । जो राइस प्रोड्यूसिंग स्टेट्स हैं उन्होंने भी कहा है कि 130 रु० से कम दाम निर्धारित किया तो इसके बड़े ही खराब परिणाम होंगे ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे मंत्री जी के सामने दूसरा निवेदन यह करना है कि हरियाणा में अगर एक किसान के पास 10 एकड़ का खेत है और उसको बेच दे तो 15,000 रु० प्रति एकड़ के हिसाब से बेचेगा तो 10 एकड़ मार्जिनल फार्मर को उसकी कीमत डेढ़ लाख रुपए मिलेगी और अगर वह दिल्ली में किसी बैंक में वह रकम जमा कर दे उसे 20,000 रु० सालाना सूद मिलेगा, फिक्सड डिपाजिट में । इस प्रकार पांच आदमियों का परिवार 20,000 रु० में बिना कोई काम किए दिल्ली में अपना जीवन चला सकता है बजाए इसके कि 10 एकड़ की जमीन में दिन-रात मेहनत मजदूरी करता रहे और फिर कहीं बाढ़ आ जाए तो सारी फसल नष्ट हो जाए, कोई सूखा हो जाए उसकी तो फसल मारी जाए और उसको अपनी जिंदगी कर्ज पर बितानी होगी । उपसभाध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान के 7 लाख गांवों में बसे जो किसान हैं उनमें जितने कर्जदार हैं उनका अगर सर्वे यह सरकार कराए तो पता चलेगा कि इतना कर्ज पूरे देश के अंदर कहीं नहीं है । अगर कोई कारखाना घाटे में चला जाए तो इंडस्ट्री मिनिस्ट्री का ब्यूरो आफ कास्ट कायम किया है और अगर कोई घाटा हुआ है तो सरकार उसको सबसिडी देगी, लेकिन अगर बाढ़, अतिवृष्टि और अनावृष्टि के कारण किसान, जो कि देश की रीढ़ हैं, उनकी फसल नष्ट होती है तो उसकी गारन्टी सरकार की तरफ से कोई नहीं होती । आप जानते हैं आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, कि जब हमारे देश में गेहूं की कमी रहती थी और हमारी सरकार अमरीका से गेहूं खरीदती थी, तो 1974 में 178 रु० प्रति क्विंटल के हिसाब से हमें अमरीकी पूंजीपतियों से, व्यापारियों से गेहूं खरीदना पड़ा और इस तरह हमने अपने डोमेस्टिक नीड को मीट आऊट किया और 711 करोड़ रु० हमने अमरीका को दिया । जब किसान ने गेहूं पैदा करना शुरू--किया और हमने बफर स्टाक भी रख लिया तो आज गांव में रहने वाले किसान की हालत इतनी खराब हो गई क्योंकि सीमेंट का दाम पिछले छः महीने में दूना-तिगुना बढ़ गया, लोहे का दाम तिगुना बढ़ गया, कपड़े का दाम दूना तिगुना हो गया । ये जो कारखाने में बनने वाली चीजें हैं उनके दाम कभी घटते नहीं हैं, लगातार बढ़ते जा रहे हैं; कभी घटे नहीं । लेकिन जो चीजें किसान के खेत में पैदा होती हैं

[श्री कल्पनाथ राय]

जब पैदा हुई तो मिट्टी के दाम, जब बाजार में गई तो सोने के दाम हो गए। चाहे आलू हो, चाहे प्याज हो, चाहे गेहूं हो, सब में यही हालत है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरे एक मित्र ने कहा साहब, इस तरह की बात आप उठाते हैं इससे तो एक कुलक लाबी की बात आती है। मैं आपके सामने निवेदन करना चाहता हूं कि 1951 में हिन्दुस्तान में खेती करने वाले किसानों की संख्या 50 प्रतिशत थी, 1974 में....

**उपसभाध्यक्ष (श्री सवाई सिंह सिसोदिया)** : आप मेहरबानी करके सीधा प्रश्न पूछिए।

**श्री कल्पनाथ राय** : ... खेती करने वाले किसानों की संख्या 50 प्रतिशत से घट कर 43 प्रतिशत हो गई और 1980 में खेती करने वाले किसानों की संख्या घटकर 40 प्रतिशत हो गई। तो खेती करने वाले किसान खेती को छोड़ कर भाग रहे हैं और दो एकड़, तीन एकड़, चार एकड़ और पांच एकड़ में खेती करने वाले अपने खेतों को बेच कर, शहर में जाकर फल की और पान की दुकान लगा कर बेचना पसन्द कर रहे हैं लेकिन खेती करना...

**उपसभाध्यक्ष (श्री सवाई सिंह सिसोदीया)** : आप सुझावों पर आएं।

**श्री कल्पनाथ राय** : सबसे तबाह जो किसान है, दो-तीन-चार एकड़ का किसान इतना तबाह है उपसभाध्यक्ष महोदय, कि वह अपने खेत को गिरवी दे रहा है क्योंकि उसके खेत में जब कोई पैदावार होती है तो अपनी बेटी की शादी या किसी और खर्च को मीट आऊट करने के लिए अपनी एग्रिकलचरल कमोडिटी बेच देता है। और सस्ते दाम पर बेचता है और इस के बाद उसे मंहगे दाम पर खरीदना पड़ता है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कृषि मंत्री राव बीरेन्द्र सिंह से और उन के माध्यम से प्रधान मंत्री से भी निवेदन करना चाहता हूं कि वे किसान की ओर, जो हिन्दुस्तान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, विशेष ध्यान दें। किसी भी डवेलपिंग कन्ट्री में कृषि ही मुल्क के डेवलपमेंट का बेस बनती है। एग्रो-बेस्ड इंडस्ट्रीज का आप सपना देखते हैं। हम आप से निवेदन करना चाहते हैं कि देश के किसानों की स्थिति को सुधारने के लिए आप एग्रीकल्चरल प्राइसेज कमीशन के जो केबिनेट ने और आप ने टर्म्स आफ रिफरेंस निर्धारित किये हैं उन टर्म्स आफ रिफरेंस के अनुकूल ही आप यह तय करें कि हिन्दुस्तान के गांवों में किसानों का क्या कास्ट आफ प्रोडक्शन होता है और कितनी पैदावार होती है। आप ने वादा किया था कि हम रेमूनरेटिव प्राइस देंगे, हम प्रोफिट देंगे जब कि आप के ही मुख्य मंत्रियों ने कहा है कि कास्ट आफ प्रोडक्शन पैडी का फील्ड पर पन्तनगर के अन्दर या केन्द्रीय विश्वविद्यालय के अन्दर 114 या 125 रुपए आता है। तो अगर रेमूनरेटिव प्राइस देंगे तो वह 130 होगा, प्रोफिट दें तो 140 होगा। आप ने ही, केन्द्रीय सरकार ने ही निर्णय किया कि हम रेमूनरेटिव प्राइस देंगे, प्रोफिट देंगे। तो कम से कम 125 रुपए प्रति क्विंटल वर्तमान परिस्थिति का दाम सरकार द्वारा निर्धारित किया जाना चाहिए ताकि किसान जान बचा सकें और गांव को छोड़ कर भाग न जायं, दिवालिया न हो जायें।

अन्तिम निवेदन, उपसभाध्यक्ष महोदय, यह है कि सरकार व्हीट पर 33 प्रतिशत सबसिडी कन्ज्यूमर्स को देती है और पैडी पर 26 परसेंट सबसिडी देती है। तो क्यों नहीं किसानों को कम से कम 15 फीसदी सबसिडी देती ताकि फार्मर्स, मार्जिनल फार्मर्स, देश के किसान अपने जीवन को

बचा सकें और देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना अहम् रोल अदा कर सकें।

**श्री पी० राममूर्ति** (तमिलनाडु) : सवाल ही नहीं पूछा।

**श्री कल्पनाथ राय :** आप अंग्रेजी में पढ़ते हैं।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** वाइस चेयरमैन साहब, श्री कल्पनाथ राय जी ने बहुत सुन्दर शब्दों में हाउस का ध्यान किसान की हालत की तरफ दिलाया। मैं करीब-करीब सब बातों में उन के साथ सहमत हूं। लेकिन जब कीमत का सवाल आता है तो हमें दो तरफ देखना पड़ता है।

**श्री सदा शिव बागाईतकर** (महाराष्ट्र) : तो सहमत किस से हैं ?

**उपसभाध्यक्ष (श्री सवाई सिंह सिसोदिया)** : बागाईतकर जी, पूरी बात सुनिये।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** कीमत मुकर्रर करते वक्त हमें कन्ज्यूमर्स की तरफ भी देखना पड़ता है। हिन्दुस्तान में बहुत भारी संख्या ऐसे लोगों की है जो खुद तो खेती नहीं करते, अनाज पैदा नहीं करते, मजदूरी करते हैं, बगैर जमीन वाले लोग हैं। उन लोगों के लिये अनाज सस्ता मुहैया करना सरकार का फर्ज है। लेकिन इस के साथ हो जितना भी हम से हो सकता है किसान को रम्यूनरेटिव कीमत दिलाने की तरफ हमारी तवज्जह रहती है और मुख्तलिफ कदम इस सिलसिले में हमने पीछे उठाये हैं।

श्री राय ने कहा कि एग्रीकल्चरल प्राइसेज कमीशन के टर्म्स आफ रेफरेंस में हम ने तबदीली की थी। उस का मकसद किसी हद तक एग्रीकल्चरल और नान-एग्रीकल्चरल सेक्टर्स में टर्म्स आफ ट्रेड का जायजा ले कर जहां तक हो सके पैरिटी लाने का जरूर था, लेकिन पूरे तौर पर इन दोनों सेक्टर्स में पैरिटी लाना असम्भव है, बहुत ही मुश्किल काम है। बहुत सी चीजों का भाव बहुत बढ़ गया है, बाजार के अन्दर मंहगी मिल रही है। फिर सवाल यह होता है कि उन का कास्ट आफ प्रोडक्शन क्या है और कितने कारखानों को प्राफिट मिलता है और किस तरह से वे अपना कास्ट आफ प्रोडक्शन बढ़ा चढ़ा कर दिखाते हैं। उन की कीमतें भी किसी आधार पर तय जरूर होती हैं, लेकिन वे आधार गलत होते हैं मसलन किसान यह नहीं दिखा सकता कि कितने एग्जीक्यूटिव बाहर गये, कैसे-कैसे होटलों में ठहरे, कितना एडवर्टाइजमेंट्स के ऊपर उन का खर्चा हुआ। कम्पनीज के मामले में, फैक्ट्रीज के मामले में यह सारा खर्चा कास्ट आफ प्रोडक्शन में शामिल हो जाता है। तो इन सारी बातों को सरकार जानती जरूर है। हमारा इस तरफ ध्यान है। किसान को मुनासिब कीमत दिलाने के लिये ही हम ने यह तब्दीली टर्म्स आफ रिफरेंस में की थी। पहली बात और साथ ही एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन को यह अख्तियार भी दिये थे कि युनिवर्सिटीज और दूसरे इंस्टीट्यूशन्स जो हैं या जो एजेंसीज हैं खाली उनकी इकट्ठा की हुई फीगर्स पर और उन के डाटा पर ही वह निर्भर न रहें बल्कि अपने आप भी रिसर्च कर के देखें कि ऐसे हालात में कास्ट आफ प्रोडक्शन किसान की क्या है और कितनी कीमत देने से उस को रिम्यूनरेटिव प्राइस मिलगी। तो हम ने यह भी एक नया अख्तियार दिया है जब टर्म्स आफ रिफरेंस उन का तबदील किया। एग्रीकल्चर प्राइसेज कमीशन तो एक्सपोर्टस का बाडी हैं।

[राव बीरेन्द्र सिंह]

सारी चीजों के लिये वह सम्पूर्ण डाटा इकट्ठा कर के देखता है, कोई आधार बताता है, आर्गूमेंट्स देता है और फिर रिपोर्ट देता है और इन सारी बातों पर कैबिनेट विचार कर के कीमत तय करती है और अब की बार तो हम ने पार्लियामेंट की सेलेक्ट कमेटी जो एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री की है उस से भी 26 तारीख को बात की, उस के आनरेबिल मेम्बर्स से और फिर 27 तारीख को चीफ मिनिस्टर्स की राय ली और वह सारी चीजें कैबिनेट की रिपोर्ट कर के जहां तक हो सकेगा मुनासिब फैसला कराने की सरकार से कोशिश करेंगे। मैं यह नहीं कह सकता कि जैसा कि श्री राय ने कहा कि 125 रुपया होना चाहिये कुछ चीफ मिनिस्टर्स ने 140 की मांग की, किसी ने 130 की मांग की और कुछ ऐसे थे कि जो कहते थे कि भाव नहीं बढ़ने चाहियें। यह हालात पर मुनहसिर है कि किस स्टेट में वहां की ज्यादा आबादी क्या चाहती है। वह आबादी खाने वालों की है या ज्यादा उगाने वालो की है और उस के मुताबिक ही वह अपनी राय देते हैं। लेकिन सरकार को इस सारे मामले में पूरी तवज्जह दे कर, पूरा ध्यान दे कर विचार करना है और वह जल्दी ही इस बात का निर्णय करेगी और मैं यकीन दिलाना चाहता हूं कि किसानों की बेहतरी और बेहबूदी हर वक्त हमारे ख्याल में है।

शुगर का जिक्र किया श्री कल्पनाथ राय जी ने कि वह मंहगी हो रही हैं, लेकिन हम ने उस के भाव को कंट्रोल करने में कोई कसर नही छोडी। अगर कोई और तरीका उन की निगाह में हो या कोई आनरेबिल मेम्बर्स की निगाह में हो तो वह तरीका या कोई और तरकीब वह हमें बतलायें कि वह कहां छिपी हुई है, कैसे छिपी हुई है, क्यों यह कीमत बढ रहीं है और व्यापारियों के ऊपर कैसे और काबू पाया जा सकता है, जो दिन रात कमाई की फिक्र में रहते हैं। जो सुझाव आयेंगे उन पर और दूसरी चीजों पर भी हम पूरा पूरा ध्यान देंगे और उन से फायदा हासिल करने की कोशिश करेंगे ताकि शुगर की कीमतें काबू में आ सकें।

**श्री सुन्दर सिंह भंडारी** (उत्तर प्रदेश) : एफ० सी० आई० छिपा रहा है।

राव बीरेन्द्र सिंह : वह तो एक-एक बैग का हिसाब देता है। आप यह भी कह देंगे कि सरकार छिपा रही है। यह मेहरबानी आप की है कि अभी आप एफ० सी०आई० तक ही पहुंचे हैं।

**श्री सुन्दर सिंह भंडारी** : उस के बाद आप का नम्बर आयगा।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : अब की बार शुगर केन की कीमत किसानों को काफी अच्छी मिली है, पीछे भी मिलेगी। चौधरी चरण सिंह के और जनता राज के वक्त में जब का कि आप ने जिक्र किया यह ठीक है कि किसानों ने बहुत कम पैदावार शुगर केन की क्योंकि उन को भाव पूरा नहीं मिला था। 6 रुपये गन्ना बिका और मुझे मालूम है कि तीन और साढे तीन रुपये क्विंटल का दाम भी उन को नहीं मिला और उन को अपने खेतों में आग लगानी पड़ी और इस वजह से उन्होंने गन्ना कम बोने। लेकिन इस बार 25 रुपये 26 रुपये तक क्विंटल के हिसाब से किसान को मिलेगा और मैंने जानबूझ कर कोई रोक लगाने की कोशिश नहीं की क्योंकि मैं चाहता था कि किसान को पिछले नुकसान का जितना भी मुआवजा मिल जाये, जितनी कमी पूरी हो जाये अच्छा है। ताकि वह आगे गन्ना बोये। भगवान की दया से गन्ने की काश्त अच्छी हुई है। भगवान खुश नजर आते हैं

बारिश भी अच्छी हुई है और उम्मीद है कि शुगर की यह कमी दूर होगी और आलू का भी बुरा हाल पीछे रहा, लेकिन जो बात हमारे दोस्त कल्पनाथ जी ने कही कि आलू सड़ता रहा वह पहले की बात है। वह वक्त गुजर गया। अब की बार आलू की फसल आ चुकी है लेकिन आप को जानकर खुशी होगी कि मार्च अप्रैल के बाद आलू की क़ीमतें बढ़ती जा रही हैं और किसान को काफी पैसा मिल रहा है। फरुखाबाद में, बंगलौर में, पटना में, सभी मंडियों में जहां आलू ज्यादा पैदा होता है हिमाचल में कोशिश इस बात की है कि आलू की कीमत इतनी कम न हो कि जिस से किसान को नुकसान हो। जिस वक्त आलू की कीमत कम होनी शुरू होगी फारेन सरकार कोई न कोई ऐसा तरीका निकालेगी खरीद का कि किसानों को नुकसान न होने पाये। प्याज के मामले में आपने देख ही लिया। ज्योंहि प्याज की कीमत गिरने लगी, 20-25 रुपये महाराष्ट्र और गुजरात में प्याज बिकने लगी और खरीद नहीं हुई तो हमने फौरन 'नेफेड' को कहा, एक सरकारी कोआपरेटिव एजेंसी कि वह प्याज की खरीद शुरू करे। दो लाख सात हजार टन प्याज फौरन खरीद ली गई। थोड़े दिनों के अन्दर ही प्याज के भाव ठहर गये और किसान नुकसान से बच गये। अब प्याज के भाव देश में ऐसे नहीं हैं जिससे परेशानी हो और अब हमें एक्सपोर्ट के लिये गुंजाइश भी नजर आती है। इसमें सरकार को ज्यादा सबसिडी भी नहीं देनी पड़ेगी। किसानों के लिये, प्याज की खरीद पर नफेड को साढ़े छः करोड़ दिये नुकसान के। मतलब यह है कि सरकार फारेन कोशिश करती है कि किसी तरीके से पैसे की तरफ न देख कर किसानों को नुकसान से बचाये। इस मामले में उनको फिकर नहीं होनी चाहिये।

माननीय कल्पनाथ राय जी ने सही कहा है कि किसानों को रिटर्न बहुत कम मिलती है। यह भी सही है क्योंकि मैं तो जानता हूं इस चीज को कि बहुत से लोग जिनके पास थोड़ी खेती है, कम जमीन है वह उसको छोड़ कर दूसरे धंधे में लग जाते हैं और देश के दूसरे इलाकों में जहां सिंचाई और नहर आदि का प्रबन्ध नहीं है जैसे राजस्थान है वहां से छोड़-छोड़ कर शहरों में आकर मजदूरी करते हैं, ईंट और गारा का काम करते हैं इसलिये कि उनका गुजारा नहीं होता है। बहुत सी जगहों पर किसानों की बुरी हालत है। ऐसे छोटे किसानों की मदद के लिये हमने डी० पी० ए० पी० और और एस० एफ० डी० ए० बना रखे हैं खरीद की फैसिलिटी है। उनको सबसिडी भी मिलती है। हर तरीके से हम उनकी मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। जो लोग खेती करते हैं वे खेती का धंधा छोड़ कर न भागें, उनके लिये रेम्यूनरेशन है, उनको इनसेन्टिव सरकार की तरफ से मिलता है।

माननीय कल्पनाथ राय जी ने जो सुझाव दिया है वह बहुत अच्छा है। मैं इसको जरूर आगे चलाऊंगा। उन्होंने कहा है कि किसान कितना कर्जे में दबा हुआ है हिन्दुस्तान के अन्दर इसका सही सर्वे शायद अभी तक नहीं हुआ है। कई बार वे अपना कर्जा अदा नहीं कर सकते। दो सौ, ढ़ाई सौ रुपये तकावी लोन लेते हैं उसके लिये भी शायद वह रिश्वत देते हैं दलालों को। वह भी वे किसान पूरा नहीं कर सकते। बाढ़ आती है, सूखा पड़ता है तब जबर्दस्त मांग होती है कि पोस्टपोनमेंट हो। अगर दो सौ, ढ़ाई सौ रुपये का शोर्ट टर्म लोन किसान लौटा नहीं सकता सरकारी खजाने में, ज्यादा फसल होने के बाद, अगली फसल उठाने के बाद तो

[राव बीरेन्द्र सिंह]

अंदाजा यह होता है कि किसानों की हालत वाकई अच्छी नहीं है । सर्वे कराना जरूरी है यह पता करने के लिये कि कितना टोटल इनडेटनैंस किसानों का है, हिन्दुस्तान के मुखतलिफ हिस्सों में मुखतलिफ सूबों में कितना कुछ एरियर में है, रिकवरी नहीं कर पाये हैं या वे नहीं दे पाये हैं, कितना स्टेट गवर्नमेंट से रेम्युन रेट किया गया है, कितनी बार पोस्टपोनमेंट हुआ है । जब इन सब चीजों का सही पता लगेगा तब ही अंदाजा लग सकता है कि किसानों की हालत क्या है और उनको उठाने के लिये सरकार को क्या करना है । वरना आमतौर से मोटी सी बात कह दी जाती है कि किसान रिच हो गया । उसके पास पैसा है । वह ऐसा चंद एक किसानों को देख कर कहते हैं जो शायद एक दो परसेंट भी नहीं होंगे हिन्दुस्तान के अन्दर और शायद उनका दूसरा धंधा होता है, किसी का बिजनेस होता है । जैसा आपने फर्माया कि जो किसान खेती करता है वह अपनी जमीन बेच कर पैसा कमाता है । उस की वजह से थोड़ा पैसा उसके पास हो जाता है । ऐसे लोगों को जो अपनी जमीन बेच जाए या किसी दूसरे धंधे में पैसा लगा दें उनको देख कर लोग समझते हैं कि यह रिच किसान है । जबकि असल खेती करने वाला किसान ऐसा नहीं है । मैं समझता हूं मैंने कल्पनाथ राय जी की सारी बातों का जवाब दे दिया है ।

**श्री कल्पनाथ राय :** सबसिडी के बारे में बताएइ ।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** आपने सबसिडी की बात कही है । कल पंजाब के चीफ मिनिस्टर सरदार दरबारा सिंह और हरियाणा के चीफ मिनिस्टर चौधरी भजन लाल जी ने भी इस चीज को उठाया था । यह सोचने की बात है कि किस हद तक हम इसमें कुछ कर सकते हैं । आपने कहा है कि गेहूं को जब हम तकसीम करते हैं, इशू करते हैं तो 33 रु० क्विंटल की सबसिडी देते हैं । चावल को इशू करने के लिए कोई 26 रु० क्विंटल सरकार नुकसान भोगती है । कल चीफ मिनिस्टर्स ने यही कहा था कि कंज्यूमर को खाने के लिए सरकार सबसीडी देती है । गेहूं के ऊपर 33 रु० और चावल के ऊपर 26 रु० क्विंटल देती है । उनका कहना था कि चावल के ऊपर कुछ इशू प्राइस बढ़ा दी जाये और जितना खाने के नाम पर दिया जाता है उससे आधा भी सरकारी खजाने से किसानों को दे दिया जाय तो अच्छा रहेगा । ए० पी० सी० ने 100 रु० की रिकमेंडेशन की है । आप लोगों ने भी सवाल उठाया है और दूसरे लोगों ने भी उठाया है । ए० पी० सी० ने बताया है कि पैडी को पैदा करने का खर्चा 92 रु० आता है ।

**श्री हरकिशन सिंह सुरजीत (पंजाब) :** यह पुराना हिसाब होगा ।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** यह पुराना हिसाब है या नया है, यह तो पता नहीं, लेकिन उसने 100 रु० क़ीमत रिकमेंड की है । यही सवाल कल भी उठाया गया था जो आज श्री राय ने हाउस में उठाया है । इन बातों में वजन है और जैसा फरमाया गया है कि अगर खाने के लिए 26 रु० क्विंटल के हिसाब से सबसीडी मिलती है तो कम से कम किसानों को आधा यानी 13 रु० दे दो । ये सारी चीजें सरकार के ध्यान में हैं और हम सोच रहे हैं कि इसमें क्या कर सकते हैं । इसका फैसला जल्दी हो कैबिनेट में होगा और आपको मालूम हो जाएगा ।

**श्री शिव चन्द्र झा (बिहार) :** उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी मंत्री महोदय ने इस

बात को कबूल किया है कि हमारे देश के ज्यादातर किसान कर्जे से लदे हुए हैं और धान बेचने वाले किसान बहुत कम हैं उन्होंने यह भी कहा कि हमारे देश में जो लोग कर्ज से लदे हुए हैं उनका परसेन्टेज कितना है, उसका हम सर्वे करा रहे हैं। शायद मंत्री महोदय को मालूम होगा कि इस बारे में पहले से ही दो कमीशन बैठ चुके हैं। एक एग्रीकल्चर लेबर इन्क्वायरी कमेटी बैठी थी। अब तक दो कमीशन इस बारे में बैठ चुके हैं। उन दोनों ने एग्रीकल्चर इंडेटनैस का एक नक्शा देश के सामने रखा था। उसके बाद से हमारे देश में किसानों की हालत में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है, बल्कि उनकी कर्जदारी और बढ़ी है। इसलिये मैं यह साफ तौर पर जानना चाहता हूं कि हमारे देश में किसानों की जो कर्जदारी बढ़ी है और आप जानते हैं कि हमारे देश में छोटे किसान धान नहीं बेच पाते हैं, इसलिये क्या आप कोई दूसरा एग्रीकल्चर लेबर इन्क्वायरी कमीशन बैठाने जा रहे हैं और क्या आप इस बात का भी पता लगायेंगे कि हमारे देश में कितने किसान ऐसे हैं जो अभी भी कर्ज से लदे हुए हैं?

दूसरा सवाल मेरा यह है कि पिछले सालों में फूड ग्रेन्स का जो प्रोडक्शन हुआ है और विज ए विज जो कैश क्राप्स हैं, उनकी वजह से क्या हमारे देश में ग्रेन्स की खेती कम नहीं हो गई है क्योंकि कैश क्राप्स में तो उसी वक्त पैसा मिल जाता है। आप साफ बतायें कि कितना परसेन्ट ग्रेन्स की खेती में कमी आई है और कितना परसेन्ट कैश क्राप्स में बढोत्तरी हुई है?

तीसरा सवाल मेरा यह है कि आपने यह कबूल किया है कि हमारे देश में किसानों की कर्जदारी बढ़ी है और किसानों की फसलें भी कई बार नष्ट हो जाती हैं। इसलिये बार-बार क्रोप इंश्योरेन्स का सवाल उठाया जाता है। यह भी कहा जाता है कि फसल बीमा करके किसानों को मदद पहुंचाई जाय। यह फसल बीमा स्कीम आप नेशनल लेवल पर लागू करेंगे या नहीं? इस पर गम्भीरता से आप क्या विचार करेंगे और आपके चीफ मिनिस्टर्स जितने हैं स्टेट के, पिछली दफा, कल ही की बैठक में इस बारे में विचार विमर्श किया है या नहीं, यह तीसरा सवाल है?

चौथा और आखरी सवाल यह है कि चीफ मिनिस्टरों ने कीमतें बताई हैं अपने अपने राज्यों के मुताबिक। सबों में मोटे-तौर पर, जिस तरह की बातें अखबारों में आई हैं 100 से ज्यादा हीं, 104 से लेकर 140 तक की बात की है। अब आप यह बतायें कि एवरेज कितना आप प्राइमाफेसी रीजनबेल समझते हैं। एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन है ही उसको सप्लीमेन्टरी रिपोर्ट आपको देनी चाहिये। चीफ मिनिस्टर्स की तरफ से जो प्रस्ताव है उसके मुताबिक इतने से काम नहीं चलेगा। वह उसको बढाकर 140-150 तक करना चाहते हैं। तो आप यह नहीं महसूस करते है कि यह रिकमन्डेशन जो है सौ रुपये यह बहुत कम है और मिनिमम यह 125-130 जरूर होनी चाहिये। तो मेरा सवाल है कि कब तक आप इस सजेशन के मुताबिक एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन को कहने जा रहे हैं कि वह कब तक अपनी रपट दे दे इसके कान्टेक्स्ट में जो सजेशन आये है, यह मेरा चौथा सवाल है।

**राव बिरेन्द्र सिंह** : एक के बाद एक माननीय सदस्य पूछ लें, मैं बाद में सब का जवाब दे दूंगा।

**उपसमाध्यक्ष (श्री सवाई सिंह सिसोदिया)** : आप जवाब दे दीजिये।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** एक एक सवाल का जवाब . . .

**उपसभाध्यक्ष (श्री सवाई सिंह सिसोदिया) :** उनके चार सवाल हैं।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** उनका पहला सवाल है कर्जे के बारे में। तो मैंने पहले ही अर्ज कर दिया है कि श्री कल्पनाथ राय की तजवीज मुझे बहुत अच्छी लगी कि एक सही सर्वे सारे हिन्दुस्तान का कराना चाहिये और मैं पहले ही कह चुका हूं कि इस वक्त हमारे पास कोई सही फिगर्स नहीं है कि कितनी इनडेटेडनेस किसानों के ऊपर इस वक्त है, क्या हालत है और उनका कितना एरियर्स है। अखबारों में जरूर आता है कि तमिलनाडु की सरकार ने कई करोड़ रुपये रेमेट करने के लिये तजवीज की है और सेन्ट्रल गवर्नमेंन्ट को पूछा है, महाराष्ट्र गवर्नमेन्ट ने तजवीज की है कि हम भी उनका कर्जा माफ करते हैं। इस तरह की रिपोर्ट तो है लेकिन हमारे पास सही ब्यौरा इस बारे में नहीं है। इसके लिये श्री कल्पनाथ राय ने जो तजवीज रखी है उसको मंजूर किया है और हम उस सिलसिले में जरूर कदम उठाना चाहते हैं कि हम सही सर्वे करायें। किसानों की हालत और जहां तक कर्जे के भार का ताल्लुक है। *(Interruptions)*.

**श्री शिव चन्द्र झा :** आपने फरमाया कि पैदावार घट गई।

**उपसभाध्यक्ष (श्री सवाई सिंह सिसोदिया) :** फूड ग्रेन की पैदावार।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** फूड ग्रेन की जो पैदावार है उसके लिये वे समझते हैं कि क़ीमतें मुनासिब नहीं मिली इस वास्ते पैदावार घट गई। मैं इस चीज से सहमत नहीं हूं। पिछले सालों में सरकार ने जो सुविधायें किसान को दी हैं, जिस तरह से सिंचाई को बढ़ाने के लिये खर्चा किया तो काफी जमीन हम नई और सिंचाई के नीचे ले रहे हैं। इस साल के अन्दर 27 मिलियन हेक्टर में और सिंचाई का प्रबन्ध करने की हमारी योजना है। तो यह सारा इन चीजों के ऊपर खर्च होता है, किसान को जो बिजली मिलती है उस पर भी भारी खर्चा होता है, ट्यूब वेल जो लगाये जाते है उन पर भी खर्चा होता है दूसरी चीजों में केवल सब्सिडी ही खाली नहीं, प्राइस ही नहीं जो किसान को सहूलियत के तौर पर मिलती है किसानों के लिये बहुत सी योजनाओं में पैसा खर्च होता है। किसान को ठीक कीमतें मिल रही हैं और उसकी पैदावार में बचत रही है, नुकसान नहीं रहा। जनरली, वह फायदा उठाता रहा है इसलिए हमारा प्रोडक्शन फूड ग्रेन का हर साल बढ़ता ही रहा है। पिछले साल की बात दूसरी है। ड्राउट की वजह से पैदावार में कमी जरूर आई।

**श्री शिव चन्द्र झा :** क्राप्स एकड़ेज के बारे में भी बताइये? एक ही जगह एक ही एकड़ में आप ज्यादा पैदा कर सकते हैं।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** एकड़ेज में ही हमारी क्राप्स ज्यादा बढ़ी है। कहीं कहीं किसी क्राप्स के अन्दर एकड़ेज घटा है। लेकिन कल्टीवेटेड लैण्ड जो है और जैसा कि वह कुछ फालतू पड़ा ही रहता है, कल्टीवेटेबाईबल एरिया भी स्माल है जैसा कि आप समझते है कि जंगल घटते आ रहे हैं, बंजर जमीन के ऊपर हल चलाना शुरू है कुछ पड़ी है। इस प्रकार जहां टोटल एकड़ का ताल्लुक है वह बढ़ा है। जहां मुखतलिफ फसलों के दरम्यान पैदावार का सवाल है इसके आंकड़ें मैं नहीं दे सकता लेकिन मैं एक बात का यकीन दिलाता हूं कि कोई जमीन ऐसी नहीं है जो काबू में किसान

कर सके और उसमें वह बोना न चाहता हो। सिर्फ कम कीमत की वजह से किसी ने कोई जमीन बोने से छोड़ दी हो, यह आपका ख्याल गलत है। यह दूसरी बात है कहीं किसी किसान को गन्ने में कम आमदनी दिखाई देती है तो वह पेड्डी लगा लेता है कहीं उसको तेल वाले बीजों में कीमत बढ़ती दिखाई देती है तो वह उसको खेती करता है। या ईल्ट कम दिखाई देती है तो वह कपास लगाना शुरू कर देता है, कोई दूसरी फसल कर लेता है। तो इस तरह से हर साल टोटल एक्रेज में तबदीली होती रहती है। लेकिन आमदनी किसान को खासी है। इस वास्ते पैदावार बढ़ती जा रही है। कपास की भी पैदावार बढ़ी है और इस साल और भी बढ़ने की उम्मीद है। गन्ने की पैदावार बढ़ती जा रही है, चावल की भी बढ़ी है। तेल निकालने के बीजों की, दालों की पैदावार बढ़ी है। हर चीज की पैदावार पल्सेज और आयल-सीड्स की पैदावार बढ़ती ही चली गई है और इस मामले में आपको परेशान नहीं होना चाहिए।

श्री शिव चन्द्र झा : अब क्रेश आप के एक्रेज के बारे में भी बता दें।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : जहां तक क्राप इंश्योरेंस का सवाल है मैं यह कहना चाहता हूं कि क्राप इंश्योरेंस स्कीम एज सच अभी लागू नहीं हुई है। इसमें बहुत सी कठिनाइयां हैं। लेकिन कुछ पाइलट प्रोजेक्ट्स इस मामले में शुरू किए गए हैं। गुजरात और तमिल नाडु, मुझे सही तो नहीं अगर इस मामले में गलती हो तो मैं माफी चाहूंगा कि शायद वेस्ट बंगाल में, तीन स्टेट्स के अन्दर कुछ पाइलट प्रोजेक्ट्स क्राप इंश्योरेंस शुरू हुए हैं। कुछ फसलों के ऊपर शुरू हुए हैं। यह भी जनरल इंश्योरेंस कम्पनी ने शुरू किए हैं। स्टेट गवर्नमेंट से बात कर के सेंट्रल गवर्नमेंट की मंजूरी लेकर कि जो कर्ज किसानों को दिया जाता है उसकी इंश्योरेंस की जाती है। क्राप का फेलयर हो उस मामले में करते हैं। जहां तक प्रिमियम का ताल्लुक है उस मामले में 50% तो किसान देता है, 25 फीसदी स्टेट गवर्नमेंट और 25 फीसदी सेंट्रल गवर्नमेंट देती है। हम ने इस स्कीम को और बढ़ाने के लिए हर स्टेट गवर्नमेंट को लिखा है। मैंने खुद चीफ मिनिस्टर्ज को लिखा है, जब से हमारी गवर्नमेंट बनी है तभी लिखा है। हमें इसको और आगे बढ़ाना चाहिए इससे आहिस्ता आहिस्ता हम स्टेट सेक्टर में क्राप इंश्योरेंस के मामले में कहां तक आगे बढ़ सकते हैं, तरक्की कर सकते हैं।

चौथी बात, उन्होंने मेरे से एक जाति सवाल किया है कि मेरी राय में कीमत क्या होनी चाहिए। मैं तो अपनी राय जाहिर नहीं कर सकता इस मामले में, मैं बहुत मजबूर हूं मैं जो आपकी राय होगी, चीफ मिनिस्टर्ज साहेबान की राय होगी और जो रिपोर्ट एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन की है इस सब को केबीनेट के सामने पेश करने का जिम्मेदार हूं। और वहां कोई मेरी अपनी राय नहीं होगी। जैसे केबीनेट की राय होगी वह मेरी राय होगी। मेरी राय कोई अलग से नहीं हो सकती है और न ही मैं इस वक्त कोई जाहिर कर सकता हूं।

**श्री नागेश्वर प्रसाद शाही** (उत्तर प्रदेश) : आप अपनी क्या राय केबीनेट को देंगे।

**उपसभाध्यक्ष (श्री सवाई सिंह सिसोदिया)** : आप बैठिये। (*Interruptions*).

**श्री नागेश्वर प्रसाद शाही** : आप अपनी केबीनेट को क्या राय देंगे ? (*Interruptions*).

**उपसभाध्यक्ष (श्री सवाई सिंह सिसौदिया)** : आप बैठिये, मंत्री जी को सुनिये ।

*(Interruptions)*

**श्री नागेश्वर प्रसादशाही** : इसलिएमैं कहता हूं। On a point of order, Sir. The Minister has to give his own opinion before the Cabinet.

**उपसभाध्यक्ष (श्री सवाई सिंह सिसोदिया)** : यह कोई प्वाइंट आफ आर्डर नहीं बनता ।

**श्री नागेश्वर प्रसाद शाही** : यह प्वाइंट आफ आर्डर है, श्रीमन् ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री सवाई सिंह सिसोदिया)**: प्वाइंट आफ आर्डर नहीं है ।

**श्री नागेश्वर प्रसाद शाही** : मंत्री जी ने यह कह दिया कि जो केबीनेट की राय होगी, वह मेरी राय होगी । यह तो केबीनेट के डिसीजन के बाद होता है। केबीनेट के डिसीजन . . .

**उपसभाध्यक्ष (श्री सवाई सिंह सिसोदिया)** : आप बैठिये ।

**श्री नागेश्वर प्रसाद शाही** : आप सुनिये तो। केबीनेट के डिसीजन के पहले मंत्री जी को ड्यूटी है कि अपनी राय केबीनेट को बताए ।

RAO BIRENDRA SINGH: It is never the practice in any legislature that questions are raised on the point of personal opinion of a Minister or a Member, This is my personal opinion and Cabinet proceedings zan-nat be disclosed.

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव** (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, जो खेती के उत्पादन की कीमत तय करने का सवाल है, श्री कल्पनाथ राय जी ने इस बारे में कुछ प्रश्न उठाए, मैं उनके प्रश्नों को सुन भी रहा था । संगति से व्यक्ति के विचार भी बदल जाते हैं ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक जमाना था जब हम और कल्पनाथ राय जी इस गल्ले के दाम के सवाल को लेकर एजीटेशन करते थे और हमारा नारा होता था :

"अन्न दाम का घटना बढ़ना, आना सेर के अंदर हो, डेढ़ गुने की लागत पर कड़खनियां माल की बिक्री हो"

इस सवाल को लेकर कई बार हम लोग साथ साथ जेल भी गये थे । आज उन सवालों को उठाने का सवाल है कि सिर्फ गल्ले की कीमत नहीं साथ ही साथ देश में अन्य चीजों की कीमत बांधने के लिए सरकार की तरफ से ठोस मूल्य नीति होनी चाहिए । कारखाने के माल की कीमत और खेतिहर माल की कीमत, इन दोनों को बांध देना चाहिए और उनमें अनुपात होना चाहिए कि गल्ले की कीमत एक फसल से दूसरी फसल के बीच कितनी बढ़े तथा कारखाने से जो उत्पादन है उसकी कीमत कितनी बढ़े । क्या सरकार इस बात को या इस मूल्य नीति को मानने के लिए तैयार है ।

जब किसान के खेतों में गल्ला पैदा होता है तो उस समय फसल की कीमत बाजार में कम रहती है और जब हम गल्ला बेच देते हैं तो या तो सरकार खरीद लेती है या व्यापारी खरीद लेता है । परन्तु फिर दूसरी फसल आने तक उस गल्ले की कीमत में डेढ़गुनी या पौने दो गुनी वृद्धि हो जाती है । जब हम फसल बेचें तो कम कीमत पायें और जब हम खुद खरीददार बनकर जायें तो डेढ़ गुनी या दो गुनी कीमत पर वहां से खरीदें । क्या सरकार के पास इसको रोकने के लिए कोई नीति है, उपाय है या कोई योजना है। फिर कारखाने के माल की जो कीमत है वह जितनी उत्पादन लागत है उससे डेढ़ गुना लागत से अधिक लागत पर हिन्दुस्तान के किसी कोने के बाजार में न मिले क्या इसके बारें में सरकार के पास कोई ठोस नीति है या नहीं ।

अभी कल्प नाथ राय जी ने गन्ने की कीमत के बारे में कहा । वे शायद भूल रहे हैं कि जब जनता सरकार बनी थी तो गन्ने की कीमत साढ़े 10 रुपए क्विंटल तय की गयी थी । चौधरी चरण सिंह जी के समय में साढ़े 12 रुपए क्विंटल तय की गयी । जनता सरकार पहली सरकार थी जिसने हमारे बिहार के अंदर किसानों ने जितना गन्ना मिलों को दिया था उस पर प्रति क्विंटल अढ़ाई रुपए के हिसाब से किसानों को दिया था । जितना मिलने दिया, और उस पर प्रति क्विंटल अढ़ाई रूपये के हिसाब से सरकार ने सीधे किसानों को भुगतान किया था । यह हमारे यहां हुआ था । फिर साढ़े 12 रुपए से लेकर साढ़े के 16 रुपए तक.

**उप-सभाध्यक्ष (श्री सवाई सिंह सिसोदिया)** : जानकारी देने के बजाय सवाल पूछिये ।

**श्री हुक्म देव नारायण यादव** : उन्होंने कहा कि जनता सरकार की गड़बड़ी से हुआ... *(Interruptions)*.

**उप-सभाध्यक्ष (श्री सवाई सिंह सिसोदिया)** : आप प्रश्न पूछिए *(Interruptions)*.

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव** : तो मैं कैसे सुन लूं और उसका जवाब न दूं ।

**उप-सभाध्यक्ष (श्री सवाई सिंह सिसोदिया)** जवाब आप नहीं देंगे, मंत्री जी देंगे ।

